प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 15.06.2026

➢ **थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर ले जाने एवं दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 23.06.2025 को थाना शिवली पर वादिनी द्वारा तहरीर दी गयी कि उसकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त हर्षित बहला फुसलाकर भगा ले गया, जब इसकी शिकायत हर्षित के परिजनों द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 169/2025 धारा 87/137(2)/351(3)/3(5) बीएनएस बनाम हर्षित पुत्र रामआसरे कमल निवासी ग्राम लुधौरा मजरा बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात आदि 03 नफर अभियुक्त पंजीकृत की गयी। थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त की अपहृता/पीड़िता को दिनांक 28.04.2026 को बरामद कर बयान धारा 180/183 बीएनएस व मेडिकल परीक्षण एवं अन्य साक्ष्य संकलन से मुकदमा उपरोक्त में धारा 65(1) बीएनएस व 5J(2)/6 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी एवं साक्ष्य के अभाव में धारा 351(3)/3(5) बीएनएस का लोप करते हुए अन्य 03 नामजद अभियुक्तगण की संलिप्तता न पाए जाने पर उसका नाम पृथक किया गया।

थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखविर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित नामित अभियुक्त हर्षित पुत्र स्व0 अवधेश कुमार निवासी ग्राम लुधौरा थाना शिवली कानपुर देहात को उसके घर के बाहर ग्राम लुधौरा थाना शिवली से आज दिनांक 15.06.2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता –

1. हर्षित उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र स्व0 अवधेश कुमार निवासी ग्राम लुधौरा थाना शिवली कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

उ0नि0 योगेन्द्र श्री कुमार शर्मा
का0 182 सोनवीर
रिक्रूट आरक्षी 552 सुमित कुमार